भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

Saturday, 06 October 2018

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा मध्य प्रदेश के इंदौर में कार्यकर्ता सम्मेलन, झाबुआ में जनजाति सम्मेलन और जावरा में किसान सम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। प्रदेश में एक ओर कांग्रेस पार्टी के राजा, महाराजा और उद्योगपति हैं तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा और गरीब समाज से आये हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी

****

परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में हमारे पास दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेतृत्व है। जब संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव नई दिल्ली में हमारे प्रधानमंत्री जी को चैम्पियन ऑफ़ द अर्थ का पुरस्कार देते हैं तो समग्र राष्ट्र के साथ-साथभारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है

****

कमलनाथ जी, मैं कांग्रेस पार्टी को चुनौती देता हूँ, आप जो भी शहर और जगह तय करें, हमारा कोई भी कार्यकर्ता उनसे बहस करने के लिए तैयार है

****

राहुल गाँधी मध्य प्रदेश में वोट मांगने से पहले अवैध घुसपैठियों पर अपना स्टैंड स्पष्ट करें। कांग्रेस को वोट की चिंता है जबकि देश की सुरक्षा भारतीय जनता पार्टी का कर्तव्य है

****

आजादी से लेकर आज तक किसी भी कांग्रेस सरकार ने समस्या मुक्त गाँव की कल्पना नहीं की जबकि मोदी सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के 'अंत्योदय' सिद्धांत पर चलते हुए गाँवों को समस्यामुक्त करने का बीड़ा उठाया है

****

कांग्रेस की सरकार के समय मध्य प्रदेश की कृषि विकास दर लगातार ऋणात्मक रही जबकि शिवराज जी के शासनकाल में प्रदेश की कृषि विकास दर लगातार 12 सालों तक 15% से अधिक रही

****

मध्य प्रदेश की जीडीपी राज्य से कांग्रेस सरकार की विदाई के वक्त जहां -4% थी, वहीं हम इसे बढ़ाकर (+) 10.2% लाने में कामयाब हुए हैं

****

ऐसे लगभग 150 से अधिक पैरामीटर हैं जिस पर भारतीय जनता पार्टी की शिवराज सिंह जी की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कांग्रेस सरकार की तुलना में काफी बेहतर कार्य किया है

****

1955 से देश के पिछड़े वर्ग के लोग पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता देने की मांग करते रहे लेकिन कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस सरकार इसे अनदेखा करती रही

****

चाहे बाबा साहब को सम्मान देने की बात हो, दलित और पिछड़े वर्ग की पढ़ाई और छात्रवृत्ति की बात हो, एकलव्य स्कूल की बात हो, दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों के जीवन के उत्थान की बात हो, राज्य की शिवराज सिंह सरकार और केंद्र की मोदी सरकार ने हर मोर्चे पर विकास की नई कहानी लिखी है

****

मोदी सरकार ने पिछले साढ़े चार सालों में फार्मर को रिफॉर्मर बनाने का जो अभियान चलाया है, वह कांग्रेस की सरकारों में कभी नहीं हुआ। मोदी सरकार ने फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य के डेढ़ गुने से भी बढ़ाकर किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है

****

मोदी सरकार ने 'आयुष्मान भारत' के माध्यम से देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों के 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया है जो इतने बड़े व्यापक स्तर पर विश्व की पहली ऐसी योजना है

****

मोदी सरकार ने देश के विकास की दिशा बदली है और 126 से अधिक लोक-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के 50 करोड़ से अधिक लोगों तक विकास को पहुंचाने की योजना क्रियान्वित की है

****

मध्य प्रदेश में फिर से शिवराज सरकार और केंद्र में मोदी सरकार बनने पर राज्य से एक-एक घुसपैठिये की पहचान की जायेगी और उन्हें मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा

****

जब सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर वीरता की अद्भुत कहानी लिखी तो राहुल गाँधी ने जवानों की वीरता को खून की दलाली करार दिया। राहुल गाँधी, आपको शहादत का मोल क्या मालूम, सर्जिकल स्ट्राइक का महत्व क्या मालूम?

****

चुनाव आने वाल हैं, हम विकास की बात करेंगे तो कांग्रेस पार्टी एंड कंपनी जाति-पाति की बात करेगी क्योंकि उनके पास जनता के पास जाने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है

****

मैं कमलनाथ जी, ज्योतिरादित्य जी और दिग्विजय सिंह जी को कहना चाहता हूँ कि जब भी जातिवाद और विकास के बीच जब कभी लड़ाई होती है तब हमेशा विकास ही जीतता है, विकास हमेशा जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण की ओछी राजनीति से दो कदम आगे रहता है

****

इस बार के विधानसभा चुनाव कांग्रेस के समय के मध्यप्रदेश और नए मध्य प्रदेश की विकासगाथा और घुसपैठियों, देश की सुरक्षा तथा हिन्दुस्तान के गौरव के एजेंडे पर लड़े जायेंगे

****

श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास के पथ पर तेज गति से अग्रसर है, आने वाले पांच सालों में हम प्रदेश को समृद्ध राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज दशहरा मैदान, इंदौर में इंदौर संभाग के 09 जिलों इंदौर नगर, इंदौर ग्रामीण, खंडवा, बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ और धार के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने देवी अहिल्याबाई होल्कर का स्मरण करते हुए देश की संस्कृति और गौरव को अक्षुण्ण रखने में किये गए उनके महान योगदान को याद किया। इससे पहले इंदौर पहुँचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके पश्चात् उन्होंने राजवाड़ा चौक, इंदौर में जनसंपर्क महाभियान में

भाग लिया और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता के साथ साझा किया। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने कॉलेज ग्राउंड, झाबुआ में जनजातीय सम्मेलन और भगत सिंह कॉलेज ग्राउंड, जावरा (जिला रतलाम) में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

श्री शाह ने कहा कि हम संगठन, विचारधारा और कार्यकर्ताओं के समर्पण के आधार पर चुनाव लड़ते हैं और विजय प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे महान नेता श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी और राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी की भूमि है जिन्होंने मध्य प्रदेश से देश में भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करने की नींव डालने की शुरुआत की थी। महाभारत के कृष्ण-अर्जुन संवाद का उद्धरण देकर कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आप सब मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में श्री शिवराज सिंह चौहान सरकार और 2019 के लोक सभा चुनाव में मोदी सरकार बनाने के लिए तैयार हो जाएँ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **मध्य प्रदेश के चुनाव में एक ओर कांग्रेस पार्टी के राजा, महाराजा और उद्योगपति हैं तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा और गरीब समाज से आये हुए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी।** उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में एक समय ऐसा था जब पता ही नहीं चलता था कि गड्ढे में रोड है या रोड में गड्ढे हैं लेकिन आज पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा हुआ है। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस ने देश में 55 वर्षों से अधिक समय तक शासन किया, वर्षों तक मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकारें रही।** उन्होंने कहा कि **जबमध्य प्रदेश में जनता ने कांग्रेस सरकार की विदाई की तब महज राज्य की लगभग 7.5 लाख हेक्टेयर भूमि ही सिंचित थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी के 15 वर्षों के शासनकाल में सिंचित भूमि का रकबा बढ़ कर 40 लाख हेक्टेयर तक पहुँच गया है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस की सरकार के समय मध्य प्रदेश की कृषि विकास दर लगातार ऋणात्मक रही जबकि शिवराज जी के शासनकाल में प्रदेश की कृषि विकास दर लगातार 12 सालों तक 15% से अधिक रही।** उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय राज्य में शिशु मृत्यु दर 86 प्रति हजार थी जिस हम कम कर 50 प्रति हजार तक लाने में सफल हुए हैं। इसी तरह, म**ध्य प्रदेश की जीडीपी राज्य से कांग्रेस सरकार की विदाई के वक्त जहां -4% थी, वहीं हम इसे बढ़ाकर (+) 10.2% लाने में कामयाब हुए हैं।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस सरकार के समय मध्य प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय महज 14,000 रुपये हुआ करती थी जो शिवराज सिंह चौहान जी की भारतीय जनता पार्टी सरकार में72,500 रुपये हो गई है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस की 55 साल के शासनकाल के दौरान मध्य प्रदेश में केवल 45,000 किलोमीटरसड़कों का ही निर्माण हुआ, वह भी अत्यंत ही जर्जर अवस्था में वे छोड़ कर गए थे जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 15 साल के शासन में ही इसे बढ़ाकर 95000 किलोमीटर तक पहुंचा दिया है।** उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन भी भाजपा शासन के दौरान काफी बढ़ा है। राज्य में माध्यमिक स्कूलों की संख्या 18500 से बढ़ाकर 30,000 की गई है। उन्होंने कहा कि ऐ**से लगभग 150 से अधिक पैरामीटर हैं जिस पर भारतीय जनता पार्टी की शिवराज सिंह जी की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कांग्रेस सरकार की तुलना में काफी बेहतर कार्य किया है।** उन्होंने कांग्रेस पार्टी को चुनौती देते हुए कहा कि **कमलनाथ जी, आप जो भी शहर और जगह तय करें, हमारा कोई भी कार्यकर्ता उनसे बहस करने के लिए तैयार है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **राहुल गाँधी मध्य प्रदेश सरकार के कामकाज का हिसाब मांग रहे हैं। राहुल गाँधी जी, हमें आपको जवाब देने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि देश को विकास से अवरुद्ध रखने वाली कांग्रेस को सवाल पूछने का कोई अधिकार ही नहीं है। राहुल गाँधी जी, आप हमसे क्या हिसाब मांग रहे हैं, देश की जनता आपसे कांग्रेस की चार पीढ़ी का जवाब मांगती है।** उन्होंने कहा कि हमारी तो परम्परा रही है हिसाब देने की। आजादी के बाद से देश में 50 वर्षों से अधिक समय तक कांग्रेस का शासन रहा, 10 वर्षों तक सोनिया-मनमोहन-राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार रही लेकिन क्यों मध्य प्रदेश के गाँवों में बिजली नहीं पहुँची, क्यों सड़क नहीं बने, कियों किसानों की स्थिति नहीं सुधरी, क्यों गरीबों के घर में गैस का चूल्हा नहीं पहुंचा? राहुल गाँधी, पहले आप अपने कामकाज का हिसाब मध्य प्रदेश की जनता को दीजिये।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राहुल-सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार की तुलना करते हुए कहा कि **1955 से देश के पिछड़े वर्ग के लोग पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता देने की मांग करते रहे लेकिन कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस सरकार इसे अनदेखा करती रही।** उन्होंने कहा कि **चाहे बाबा साहब को सम्मान देने की बात हो, दलित और पिछड़े वर्ग की पढ़ाई और छात्रवृत्ति की बात हो, एकलव्य स्कूल की बात हो, दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों के जीवन के उत्थान की बात हो, राज्य की शिवराज सिंह सरकार और केंद्र की मोदी सरकार ने हर मोर्चे पर विकास की नई कहानी लिखी है।**

श्री शाह ने कहा कि **मोदी सरकार ने फसलों के समर्थन मूल्य को लागत मूल्य के डेढ़ गुने से भी बढ़ाकर किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी जब विपक्ष में आती है, तभी उसे किसानों की याद आती है लेकिन जब वह सत्ता में रहती है तो न तो किसानों से और न ही देश की जनता के कल्याण से उसका कोई लेना-देना रहता है।** उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार**

ने पिछले साढ़े चार सालों में फार्मर को रिफॉर्मर बनाने का जो अभियान चलाया है, वह कांग्रेस की सरकारों में कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने सबसे पहले आपदा और अकाल से होने वाले फसल के नुकसान की भरपाई के लिए मिलने वाले मुआवजे के शर्त को बदलते हुए केवल 33% फसल नुकसान पर ही मुआवजे का मिलना सुनिश्चित किया। इतना ही नहीं, मुआवजे की रकम को भी दुगुना किया गया।** इससे पहले किसानों को मुआवजा तभी मिलता था जब 50 फीसदी या इससे अधिक फसल का नुकसान हुआ हो। हमने किसानों के लिए दो लाख रुपये का जीवन बीमा भी देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी हमेशा किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए खड़ी और एवं उनके उत्थान के लिए संकल्पित है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी सरकार ने यूरिया की कालाबाजारी को बंद किया और नीम कोटेड यूरिया के माध्यम से किसानों तक उचित मूल्य में किसानों तक यूरिया की आसान पहुँच को सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से मिट्टी की गुणवत्ता के आधार पर उत्पादकता बढ़ाई गई और लैब को लैंड तक पहुंचाने के मुहिम की शुरुआत की गई।

श्री शाह ने कहा कि **मोदी सरकार ने 'आयुष्मान भारत' के माध्यम से देश के 10 करोड़ परिवारों अर्थात् लगभग 50 करोड़ लोगों के 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का निर्णय लिया है जो इतने बड़े व्यापक स्तर पर विश्व की पहली ऐसी योजना है।** उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को इस योजना को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए ताकि अधिकाधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें।

श्री शाह ने कहा कि **श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के विकास की दिशा बदली है और 126 से अधिक लोक-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के 50 करोड़ से अधिक लोगों तक विकास को पहुंचाने की योजना क्रियान्वित की है।** उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के माध्यम से लगभग 5.5 करोड़ गैस सिलिंडर वितरित किये गए हैं, लगभग एक करोड़ घर का निर्माण किया गया है, 6.5 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण किया गया है, बिजली से वंचित लगभग 18 हजार गाँवों और सवा दो करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई गई है, जेनरिक दवाई की दुकान से गरीबों को सस्ती दवाइयां मुहैया कराई जा रही है और मिशन इन्द्रधनुष योजना के माध्यम से 18 करोड़ से अधिक गरीब बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण का महती कार्य अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार ने देश के लगभग 65 हजार गाँवों में सात लोक-कल्याणकारी योजनाओं को शत-प्रतिशत पूरा करने का अभियान सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है और 2019 के लोक सभा चुनाव के पहले-पहले हम देश के लगभग 1 लाख 20 हजार गाँवों में इन सभी सातों योजनाओं को शत-प्रतिशत क्रियान्वित करने में सफल होंगे।उन्होंने कहा कि **आजादी से लेकर आज तक किसी भी कांग्रेस सरकार ने समस्या मुक्त गाँव की कल्पना नहीं की जबकि मोदी सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के 'अंत्योदय' सिद्धांत पर चलते हुए गाँवों को समस्यामुक्त करने का बीड़ा उठाया है।**

अवैध घुसपैठियों की समस्या पर बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **देशहित के ऊपर वोट बैंक की राजनीति करने वाली कांग्रेस पार्टी की साजिश को देश के जनता भलीभांति जानती है, कांग्रेस पार्टी देश की जनता के सामने पूरी तरह से बेनकाब हो गई है।** उन्होंने कहा कि **मध्य प्रदेश में फिर से शिवराज सरकार और केंद्र में मोदी सरकार बनने पर एक-एक घुसपैठिये की पहचान की जायेगी और उन्हें मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा।** उन्होंने जोर देते हुए कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी कभी भी देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी।** उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी मध्य प्रदेश में वोट मांगने से पहले अवैध घुसपैठियों पर अपना स्टैंड स्पष्ट करें।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस को वोट की चिंता है जबकि देश की सुरक्षा भारतीय जनता पार्टी का कर्तव्य है।**

सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उरी में पाकिस्तान प्रेरित आतंकियों के कायराना हमले में जब हमारे सोये हुए वीर जवानों को शहीद कर दिया गया तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर सेना के वीर जवानों ने दुश्मन के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक किया और आतंकियों की कमर तोड़ कर रख दी। उन्होंने कहा कि **जब सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर वीरता की अद्भुत कहानी लिखी तो राहुल गाँधी ने जवानों की वीरता को खून की दलाली करार दिया। राहुल गाँधी, आपको शहादत का मोल क्या मालूम, सर्जिकल स्ट्राइक का महत्त्व क्या मालूम?** उन्होंने कहा कि **सफल सर्जिकल स्ट्राइक करते ही भारत अमेरिका और इजराइल जैसे मजबूत राष्ट्रों की लीग में शामिल हो गया जो अपनी एकता और अखंडता अक्षुण्ण रखने के लिए कोई भी कदम उठा सकता है।** उन्होंने कहा कि **सर्जिकल स्ट्राइक से दुनिया का भारतवर्ष को देखने के नजरिये में व्यापक बदलाव करने का कार्य मोदी सरकार ने किया है।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने एक ही वर्ष में वन रैंक, वन पेंशन का निर्णय लेकर लाखों पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए कदम उठाया है।

कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए श्री शाह ने कहा कि **परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में हमारे पास दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेतृत्व है।** उन्होंने कहा कि **जब संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव नई दिल्ली में हमारे प्रधानमंत्री जी को चैम्पियन ऑफ़ द अर्थ का पुरस्कार देते हैं तो समग्र राष्ट्र के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **चुनाव आने वाल हैं, हम विकास की बात करेंगे तो कांग्रेस पार्टी एंड कंपनी जाति-पाति की बात करेगी क्योंकि उनके पास जनता के पास जाने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है।** उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तो मध्य प्रदेश में अपना नेता ही तय नहीं किया है लेकिन **मैं कमलनाथ जी, ज्योतिरादित्य जी और दिग्विजय सिंह जी को कहना चाहता हूँ कि जब भी जातिवाद और विकास के बीच जब कभी लड़ाई होती है तब हमेशा विकास ही जीतता है, विकास हमेशा जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण की ओछी राजनीति से दो कदम आगे रहता है।** उन्होंने कहा कि **इस बार का विधानसभा चुनाव कांग्रेस के समय के मध्यप्रदेश और नए मध्य प्रदेश की विकासगाथा और घुसपैठियों, देश की सुरक्षा तथा हिन्दुस्तान के गौरव के एजेंडे पर लड़े जायेंगे** और भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के बल पर एक बार फिर से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

श्री शाह ने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में और श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है।** उन्होंने कहा कि **श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश विकास के पथ पर तेज गति से अग्रसर है, आने वाले पांच सालों में हम प्रदेश को समृद्ध राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं।** उन्होंने कहा कि **पहलेजब केंद्र में सोनिया-मनमोहन की सरकार थी तो मध्य प्रदेश के साथ भेदभाव किया जाता था, केंद्र की विकास परियोजनाओं में मध्य प्रदेश सहित भाजपा शासित तमाम राज्यों के साथ अन्याय किया जाता था लेकिन अब जनता के आशीर्वाद से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार है, अब मध्य प्रदेश के विकास के लिए डबल इंजन काम कर रहा है और विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।**